Status of Implementation of Recommendations contained in the Hundred and Sixtieth Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Human Resource Development

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT (SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY): Sir, I beg to lay **a** statement regarding the status of implementation of recommendations contained in the Hundred and sixtieth Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Human Resource Development.

VALEDICTORY REMARKS

श्री सभापति : माननीय सदस्यगण, राज्य सभा का 207वां सत्र आज समाप्त होने जा रहा है। यह सत्र बृहस्पतिवार, 16 फरवरी क महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दोनों सभाओं के सदस्यों को संबोधित करने के साथ आरम्भ हुआ था। यह इस लम्बा सत्र रहा , जिसमें 23 मार्च से 9 मई तक सत्रावकाश रहा ।

दुर्भाग्यवश, इस सत्र में हमारे एक सदस्य को अपनी सदस्यता छोड़नी पडी और दो सदस्यों ने असाधारण परिस्थितियों में अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दिया। 3 मई को हमारे एक बहुत ही सक्रिय सदस्य, श्री प्रमोद महाजन का अपने जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव पर एक दुः खद घटना मे निधन हो गया। जब सत्र दिनांक 10 मई को पुनः आरम्भ हुआ तो उन्हें श्रद्वांजलि देने के पश्चात् उस दिन के लिए सभा स्थगित कर दी गई ।

सत्र के दौरान सभा के गठन में द्विवार्षिक चुनाव के कारण बड़ा परिवर्तन हुआ। 57 सदस्यों ने अपना कार्यकाल पूरा करने के पश्चात् सदस्यता से अवकाश ग्रहण किया। सदन ने सदस्यता से अवकाश ग्रहण करने वाले सदस्यों को भावभीनी विदाई दी। हमारे 20 वर्तमान सदस्य पुनः निर्वाचित हुए और 44 नये सदस्य हमारे साथ शामिल हुए। हमने उन सभी का इस गरिमामय सदन में स्वागत किया। सत्र के दौरान अवकाश के दो दोनों में नवनिर्वचित एवं मनोनीत सदस्यों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका शुभारम्भ करने का मुझे अवसर मिला। मुझे आशा है कि यह उनके लिए अत्यन्त लाभ दायक सिद्व होगा। यह सौभाग्य की बात है कि श्री के0 रहमान खान फिर से हमारे साथ है, जो निर्विरोध उप-सभापति चुने गए हैं। सदन निश्चय ही उनके अनुभव से लाभान्वित होगा।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा करने के पश्चात् सभा में रेल बजट और सामान्य बजट से संबंधित मुख्य कार्य शुरू किया गया। तथापि इस बार पांच